<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

यूपीटीयू के कुलपति का इस्तीफा मंजूर

प्रो0 ओंकार सिंह को अतिरिक्त प्रभार

लखनऊ: 30 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने प्रो0 आर0के0 खांडाल, कुलपति, उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ का त्याग पत्र आज दिनांक 30 अप्रैल, 2015 से स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल ने प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर को उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को छः माह या नये कुलपति नियुक्त होने तक (जो भी पहले हो) अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के आदेश दिये हैं। इसके साथ ही राज्यपाल ने नियमित कुलपति की नियुक्ति के लिये सर्च समिति गठित किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।